


# समन्वित प्रयासों और सहयोग से बैतूल मॉडल नगर बनेगा : हेमंत खंडेलवाल

**नवभारत न्यूज़ बैतूल, 22 नवंबर. केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके और प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को 7 करोड़ 90 लाख की लागत से बनने वाले 2.70 किलोमीटर लंबे सड़क टिकारी-गाड़ाघाट मार्ग (बैतूल स्टेशन मार्ग) का भूमिपूजन किया।**

**केन्द्रीय मंत्री और विधायक ने किया मार्ग का भूमिपूजन**

**चौपाटी के लिए एक करोड़ की राशि स्वीकृत**

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे, सुधाकर पवार, आनंद प्रजापति, महेंद्र सिंह चौहान, श्रीमती रजनी राजेश वर्मा, सतीश मालवीय, विक्रम वैध, विकास मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्रीमती प्रीति पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि विधायक श्री खंडेलवाल के प्रयासों से बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हो रही हैं। जिस मार्ग का बजट पहले लगभग 2 करोड़ था, उसे विधायक जी ने अपने प्रयासों से बढ़ाकर लगभग 8 करोड़ किया है। लगातार बैतूल विकास की दृष्टि से सर्वाधिक विकसित जिला बढ़ने की और आगे बढ़ रहा हैं। आज भारत वर्ष 2047 तक सर्वाधिक विकसित, संपन्न राष्ट्र बनने की ओर गतिशील है। इस उपलब्धि के वार्डवासियों को बधाई देता हूं। विकास की गंगा जिले में इसी प्रकार प्रवाहित होती



रहेगी। विधायक श्री खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की इस सड़क की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सड़क अत्यंत क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। लगभग एक वर्ष पूर्व इस सड़क की स्वीकृति मिल चुकी थी, परंतु पहले इसकी स्वीकृति गाड़ाघाट से हनुमान मंदिर तक ही थी। लेकिन नगर कारगिल चौक से यह पूरा मार्ग सबसे व्यवस्त मार्ग हैं। जिसके लिए अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और लोक निर्माण विभाग मंत्री द्वारा कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक इस सड़क निर्माण के लिए 7.90 करोड़ की बजट स्वीकृत किया गया है। स्थायी सड़क निर्माण के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ महीनों में इस मार्ग पर से अतिक्रमण भी चिन्हित कर हटाए गए हैं। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि यदि स्वेच्छा से अपने अतिक्रमण हटा लें, तो सबसे अधिक सुविधा स्वयं उन्हें ही मिलेगी। आने वाले समय में वार्डों की सड़कों पर भी इसी तरह स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का सहयोग मिले, ताकि नालियों को भी पर्याप्त जगह मिल सके। ताकि सड़क व्यवस्थित और पर्याप्त चौड़ी हो। पथ विक्रेताओं के लिए भी रोजी रोटी का संकट निर्मित न हो इसके लिए अस्थाई और स्थायी दोनों व्यवस्थाएँ इस प्रकार बनाई जा रही हैं कि किसी की जीवन-व्यवस्था प्रभावित न हो। शहर सुव्यवस्थित दिखे और किसी का रोजी रोटी भी प्रभावित न हो इसके लिए सभी के समन्वित प्रयास और सहयोग की आवश्यकता हैं।

**चौपाटी निर्माण के लिए एक करोड़ की राशि स्वीकृत:** चौपाटी निर्माण के लिए भी एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। सभी के सहयोग से बैतूल को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित होगा। श्री खंडेलवाल ने कहा कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कालापाठा से चक्कर रोड की गुणवत्ता की प्रशंसा सभी ने की है और इसी प्रकार सदर व बडोरा रोड के निर्माण की भी प्लानिंग जारी है। बैतूल को चारों दिशाओं से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैतूल-भोपाल मार्ग पर बरेठा मार्ग से फॉरेस्ट के हिस्से संबंधित समस्याओं का भी स्थाई निराकरण किया जा रहा है।

### तीन सालों में बैतूल बनेगा पानी की दृष्टि से समृद्ध

आने वाले दो तीन सालों में बैतूल पानी की दृष्टि से भी सबसे समृद्ध और विकसित जिला होगा। सबसे ज्यादा डैम बैतूल जिले में बन रहें है। उत्तम पेयजल व जल सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे बड़े उद्योगों को भी यहाँ स्थापित होने में सुविधा मिलेगी। सड़क, बिजली, पानी और उद्योग–हर क्षेत्र में हम सबके संयुक्त प्रयासों से बैतूल जिला निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिससे बैतूल एक उभरते हुए महानगर के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में औद्योगिक निवेश और व्यवसाय को प्रोत्साहन देने का प्रदेश व्यापी अभियान जारी हैं।

### 790 लाख के मार्ग में पुल व रिटेनिंग वॉल भी शामिल

कारगिल चौक से बच्चा जेल होते हुए गाड़ाघाट से ओल्ड एनएच तक 2.70 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण कार्य को राज्य शासन द्वारा 789.35 लाख रुपये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण मार्ग पर कारगिल चौक से बच्चा जेल तथा बालाजी विहार से ओल्ड एनएच तक 1920 मीटर लंबाई में 10 मीटर चौड़ाई वाली सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। वहीं अखाड़ा चौक से बालाजी विहार तक 220 मीटर लंबाई में 7 मीटर चौड़ी सीसी सड़क का निर्माण होगा। बच्चा जेल से अखाड़ा चौक तक 560 मीटर लंबाई में 5.50 मीटर डामरीकृत सड़क बनाई जाएगी। मार्ग पर स्थित गाड़ाघाट की क्षतिग्रस्त पुलिया पर एक नए पुल का निर्माण प्रस्तावित है। सड़क सुरक्षा और मजबूती को ध्यान में रखते हुए 40 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल बनाई जाएगी। मार्ग पर रोड मार्किंग, संकेतक बोर्ड और शोल्डर निर्माण भी किया जाएगा। निर्माण क्षेत्र के विद्युत अवरोधों को दूर करने हेतु विद्युत पोल स्थानांतरण का प्रावधान रखा गया है। इस परियोजना का कार्य एजेंसी मेसर्स कपिल शर्मा, भोपाल को सौंपा गया है। यह सड़क बैतूल शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में आवागमन को सुगम बनाएगी और कारगिल चौक से ओल्ड एनएच तक तेज एवं सुरक्षित और सुगम यातायात का मार्ग प्रदान करेगी।

## एक नज़र में

### डॉक्टर साहब से मिल रही भ्रष्ट अधिकारी को संजीवनी

**सारनी।** जिले की सबसे बडी नगर पालिका सारनी में कमीशनखोरी चरम सीमा पर है। इतना ही नहीं मटेरियल सप्लाई के नाम पर साल भर में करोड़ो रुपयों के गोलमाल करके नपा को भारी चपत लगाई जा रही है। बताया जाता है कि नपा सीएमओ को डॉक्टर साहब 3 बार संजीवनी की खुराक पीला चुके है। इसी वजह से कमीशनखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। नपा सारनी में सबसे ज्यादा भाजपा का कब्जा रहा है। भ्रष्ट अधिकारी को जैसे ही भाजपा का संरक्षण मिलता है, उसके पुराने पाप धूल जाते है। गौरतलब है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई बार पोल खुल चुकी है, परन्तु कमीशनखोरी के चलते किसी भी ठेकेदार पर घटिया निर्माण कार्य करने पर गाज नहीं गिरी है। बताया जाता है कि नगरपालिका में मटेरियल सप्लाई लंबे समय से चोरी छुपे चल रहा है। इतना ही नहीं आधी अधूरी सप्लाई को कागजो में पूरा दर्शाकर लाखो रुपयों का गोलमाल किया जाता है। नगरपालिका के निर्माण कार्यों एवं सामग्री सप्लाई की जांच मे जिले का सबसे बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

### 24 घंटे में पुलिस ने नाबालिग बालक को किया दस्तयाब

**मुलताई।** मुलताई पुलिस द्वारा एक नाबालिक को 24 घंटे के भीतर दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया फरियादिया ने बीते 19 नवम्बर 25 को थाना मे उपस्थित होकर रिपोर्ट की थी कि 18 नवम्बर 25 के रात्रि 8 बजे उसके नाबालिक बालक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कहीं ले जाया गया है। रिपोर्ट पर मुलताई पुलिस द्वारा धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण कि गंभीरता को देखते हुए नाबालिक बालक की दस्तयाबी के लिए थाना स्तर पर टीम गठित कर नाबालिक बालक की दस्तयाबी के लिए हर सम्भव प्रयास कर नाबालिक बालक को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार, प्रधान आरक्षक सुशील कुमार धुर्वे, आरक्षक प्रिंस, नरेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

**आठनेर।** आठनेर। शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर आयोजित किए गए यूनिटी मार्च में मांडवी जावरा जोड़ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिटी मार्च में स्कूली बच्चो, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। जावरा जोड से 9 किलोमीटर लंबा पैदल यूनिटी मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत सदस्य अर्चना गायकी, जिला



महामंत्री कृष्णा गायकी, जनपद अध्यक्ष रोशनी इवने, नंप अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने, सुनील टेकपुरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सरकारी विभागों के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए थे।।

आठनेर पहुंची यूनिटी मार्च के समापन अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, ने बताया कि सरदार पटेल ने नये भारत का सपना देखा था। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पटेल के भारत को साकार करने में लगे हैं। सरदार पटेल ने नेतृत्व क्षमता से देश को एक सूत्र में बांधे रखा था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने पार्टी का विज़न बताते हुए उद्बोधन दिया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, के नेतृत्व में नया भारत विकसित हो रहा है। भाजपा की प्रदेश सरकार ने प्रदेश में समान अधिकार के साथ लाडली बहना के खाते में 1 हजार 500 रूपए प्रतिमाह की राशि दी जा रही है। भाजपा पार्टी व्यक्ति विशेष की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यूनिटी मार्च में एकता का संदेश दिया गया। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार प्रकट नंप अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप ने किया।

## आग लगने से 2 ट्राली लकड़ी एवं चारा जला

**मुलताई। क्षेत्र के ग्राम बघोड़ा में शुक्रवार की शाम करीब 4.30 बजे जगदीश लिखीतकर के मकान के सामने रखी जलाऊ लकड़ी, सोयाबीन एवं मक्के के कड़वे में अज्ञात कारणों से आग गई।**

**आग लगने के कारणों का नहीं हुआ खुलासा**

**दमकल ने मौके पर पहुंचकर किया आग पर काबू**

आग लगने की सूचना मिलते ही मुलताई नगर पालिका की फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर



आग बुझाई। आग लगने के कारण करीब 2 ट्राली लकड़ी एवं 4 ट्राली पशु चारा जलकर राख हो गया। फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया समय रहते फायर टीम ने आग पर काबू पाया नहीं तो जानवर का कोठा एवं सोयाबीन की फसल भी आग की चपेट में आ जाती। लेकिन उससे पहले ही दमकल विभाग मौके पर पहुंच गया और आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने में फायर कर्मचारियों धनराज पवार, गिरीश पिपले कि मुख्य भूमिका रही।

## माइनिंग विभाग मे पंजीयन वाहनों को मिलेगी रेत परिवहन की अनुमति

**सारनी।** रेत का परिवहन करने वाले सभी वाहनों को माईनिग विभाग में पंजीयन जरूरी है। पंजीकृत वाहनों को रेत परिवहम की अनुमति दी जायेगी। उपरोक्त उद्गार रेत ठेकेदार ने रेत का परिवहन करने वाले वाहन मालिकों की बैठक में व्यक्त किए है। रेत ठेकेदार ने कहा कि आये दिन कुछ लोग माइनिंग विभाग में फर्जी शिकायत करते है। जिसकी वजह से रेत परिवहन करने वाले वाहनों को परेशानी हो रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों को माईनिंग मे पंजीयन कराने की हिदायत दी गई है। बताया जाता है कि रेत परिवहन करने वाले सभी वाहनों का माईनिंग में पंजीयन है। पंजीकृत वाहनों से ही रेत का परिवहन चल रहा है। रेत ठेकेदार ने कहा कि लोनिया खदान की रायल्टी सभी वाहनों की काटी जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच नाके पर पंजीयन की छाया प्रति वाहन मालिकों से जमा कराई गई है। इस बात की जानकारी माईनिंग विभाग के पास भी है। रेत का परिवहन करने वाले वाहनों को अधिकृत खदान से रेत बेचीं जा रही है। जिले भर की सभी रेत खदानो का ठेका करीबन 34 करोड़ के आसपास लिया गया है। सभी वैध खदानो से रेत का परिवहन किया जा रहा है।

## जल संरक्षण को बढ़ावा देने किया बोरी बंधान

**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी ने शनिवार को ग्राम बाचा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 125 बोरियों का बोरी बंधान निर्माण कार्य संपादित किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य जल स्त्रोतों के संरक्षण, भू-जल स्तर के संवर्धन एवं जनसहभागिता से स्थानीय जल प्रबंधन को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री नागर ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल संचय अभियान संपूर्ण मध्य प्रदेश में जन



अभियान परिषद द्वारा व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है, जिसमें जनभागीदारी निरंतर बढ़ रही है। उपाध्यक्ष श्री नागर ने कहा कि जिले में यह अभियान 30 दिसंबर 2025 तक निरंतर रूप से जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में छोटे-छोटे बोरी बंधान एवं स्टॉप-डैम का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम के अंत में अनिल द्वारा सभी अतिथियों, नवांकुर संस्थाओं एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## अम्मा जी गौ शाला समिति का गठन, बेला यादव बनीं अध्यक्ष

**सारनी।** वार्ड क्रमांक दस ईटा भट्टा के पास दमुआ रोड पर कई सालो से संचालित अम्मा जी गौ शाला समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से बेला बाई यादव अम्मा, सचिव जगदीश आहूजा, सह सचिव अन्नू, उपाध्यक्ष प्रकाशचंद गोठी, गोलू राजपूत, राहुल कापसे, मोनू साहू, केऊलाल यादव, कोषाध्यक्ष पंजाब राव बारसकर, सह कोषाध्यक्ष दिनेश साबले, मीडिया प्रभारी नन्हें चन्द्रवंशी, सह मीडिया प्रभारी दिनेश यादव, सांस्कृतिक प्रभारी भागवत यादव, मनोहर विश्वकर्मा समिति सदस्य सुरेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रेनू एरलू, राजकुमार नागले, रामपाल यादव, बबलू नरें, डॉक्टर मुकेश यादब, रामनाथ यादव को बनाया गया है। समिति के संरक्षक के रूप में विधायक योगेश पंडागरे, पीजे शर्मा, अरविन्द सोनी, किशोर बरदे, रेखा सोलंकी को शामिल किया है। अम्मा की गौ शाला मे 60 से 70 गौ माताओ का लालन पालन पोषण कई वर्षों से किया जा रहा है। इस गौ शाला में समय समय पर क्षेत्र के गौ सेवको के माध्यम से सहयोग किया जाता रहा है। गौ शाला का और अच्छे से संचालन हो सके इसी उद्देश्य से अम्मा जी गौ शाला से लगातार जुड़े रहने वाले सदस्यों की एक समिति बनाई गई है।

## शिक्षक पंचतत्व में विलीन, बेटियों ने दी मुखाग्नि

**मुलताई। मुलताई ब्लॉक के वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार साहू का शुक्रवार निधन हो गया था जो आज शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए।**

इनके निवास से शव यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मुलताई के मोक्षधाम में पहुंची जहां पर इनकी दोनों बेटियां सजल साहू एवं विशाखा साहू ने हिंदू रीति रिवाजों के के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। श्री साहू की अंतिम यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विदित हो की शिक्षक विजय साहू की एक बेटी



सजल साहू यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी बेंगलुरु में जॉब कर रही है वहीं दूसरी बेटी विशाखा साहू इंदौर में कांप्टीशन एग्जाम की तैयारी कर रही है। शिक्षक विजय संगीता साहू की दो बेटियां ही होने के कारण परिवार ने तय किया कि पिता का अंतिम संस्कार बेटिया ही करेंगी तब दोनों बेटियां सजल एवं विशाखा ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर फर्ज निभाया। शिक्षक के अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा शिक्षक एवं नागरिक मौजूद थे।

## सांसद खेल महोत्सव में 520 विद्यार्थियों ने दिखाए जौहर

**मुलताई। क्षेत्र के ग्राम सोनोरा में स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमे 520 विद्यार्थियों ने खो-खो, कबड्डी, व्हाली बाल, लम्बी कूद, ऊंची कूद, रस्सा कशी, रेस और बैडमिंटन में हिस्सा लेते हुए अपने जौहर दिखाए।**

खेल उत्सव का शुभारंभ सरपंच मनीषा मगरदे, श्रीराम माकोड़े, पी टी ए अध्यक्ष बबली मोहबे एवं प्राचार्य सतीश चौहान ने किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में



बेहतरीन खेल दिखाया। कबड्डी और वालीबॉल में दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

सोनोरा सरपंच मनीषा मगरदे ने गांव गांव आयोजित हो रहे सांसद खेल महोत्सव के उद्देश्य बताए और खेलों को व्यक्तित्व निखारने का श्रेष्ठ माध्यम बताया। पिसाटा सरपंच श्रीराम माकोड़े पीटीए अध्यक्ष बबली मोहबे एवं प्राचार्य सतीश चौहान ने भी बच्चों को संबोधित किया और खेलों से देश का सम्मान बढ़ाने का आव्हान किया। जन प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने भी रस्सा कशी और पारंपरिक खेलो में भाग लिया। डॉ. महादेव गव्हाडे एवं रामराव उकंडे ने भी अपने विचार रखे। नोडल अधिकारी एसडीएम राजीव कहार, सहायक नोडल अधिकारी जनपद सीईओ डीएस मशराम एवं आयोजन प्रभारी बीईओ सक्षम बारमाटे ने खेल को उत्तम स्वास्थ्य का आधार बताया। खेल प्रशिक्षक हेमंत विश्वकर्मा, महेश खत्री, रश्मि बाथरे, अशोक गजाम एवं प्रज्ञा कीर्ति वर्मा के मार्गदर्शन में खेल प्रतियोगिता में सहयोग किया। वहीं प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीण भी मौजूद रहे।

**स्थापना दिवस** स्कूल एवं नगर स्तर पर 2 दिन तक मनाया जाएगा स्थापना दिवस

## कार्मल स्कूल के एनसीसी छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**मुलताई। राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में संचालित अशासकीय विद्यालय न्यू कार्मल कन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की पांचवी बटालियन की छात्राओं ने शनिवार को पूरे शहर सहित ताप्ती**

**शहर और ताप्ती परिक्रमा मार्ग का भ्रमण**

**नुक्कड़ नाटक के माध्मय से दिया स्वच्छता का संदेश**

**परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश आम लोगों तक पहुंचाया।**

एनसीसी छात्राओं ने फव्वारा



चौक, नागपुर नाका एवं जय स्तंभ चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। एनसीसी केडेटो के नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में आम जन सहित व्यापारी शामिल हुए। एनसीसी पांचवी बटालियन की शिक्षिका ज्योति पवार ने बताया एनसीसी दिवस 23 नवंबर को मनाया जाएगा, जिसमें दो दिन तक विभिन्न कार्यक्रम जैसे दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह इत्यादि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए आमजन के सामने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रखा जाएगा। इसके अलावा स्वच्छता रैली, रक्तदान, मैराथन रैली, नदी तालाब की साफ सफाई आदि विषयों पर ग्राम ग्राम जाकर एनसीसी छात्राओं द्वारा कार्य किया जाएगा। शनिवार को आयोजित स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक में पांचवी बटालियन एनसीसी कैडेट अनुश्री जैन, ज्योति दवडे, यशिका देशमुख, खुशी बारस्कर, भूमिका देशमुख, महक रावत, वंशिका करोले, उर्वशी देशमुख, नैंनसी वागद्रे, निशा बालपांडे सहित स्कूल शिक्षक अजय कुशवाहा, खुशबू पवार सहित अन्य कैडेट उपस्थित रहे।

**आरडी पब्लिक स्कूल मुलताई में केडेटो ने किया स्वच्छता पर जागरूक :** मुलताई। राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्थापना दिवस पर आरडी पब्लिक स्कूल मुलताई में शनिवार को एनसीसी दिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई तथा नदी, तालाब की सफाई पर लोगों को जागरूक किया गया। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल टरमिन थामस ने बताया एनसीसी से बच्चों में साहस अनुशासन और एकता की भावना बढ़ती है। एनसीसी की कैडेट्स ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा नदी तालाब को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी आशा चिकाने, एडमिन शिक्षक गजेंद्र ठाकुर, खेल शिक्षक भूपेंद्र धोते उपस्थित रहे।

## चार हजार माफी को लेकर आप का जन आंदोलन

**सारनी।** आम आदमी पार्टी ने जल आवर्धन की चार हजार रूपये माफी को लेकर जन आंदोलन शुरू कर दिया है। जिसके चलते नपा प्रशासन की नींद हराम हो गई है। आम आदमी पार्टी ने मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के जन संवाद कार्यक्रम जल आवर्धन योजना की नल कनेक्शन राशि माफ की चौथी सभा आयोजित कर जन आंदोलन बना दिया है। नगर पालिका क्षेत्र में लगातार जन संवाद कार्यक्रम कर वार्ड की जनता की मूलभूत सुविधा पानी के नल कनेक्शन राशि के 4000 रु राशि को माफ कराए जाने को लेकर लगातार वार्डो में हस्ताक्षर अभियान चला रही हैं। सभी नागरिक इस राशि के विरोध में और आम आदमी पार्टी के वार्ड स्तर पर किए जाने वाले आयोजनों में आगे बढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज करा



रहें है। आम आदमी पार्टी 36 वार्डो मे हस्ताक्षर अभियान चलाकर नपा को घेरने की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी के कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी ने चौथी बार सभा कर जल आवर्धन की चार हजार की राशी वापसी को जन आंदोलन मे तब्दील किया है। श्री सोनी ने जन संवाद कार्यक्रम मे वार्डवासियों को संबोधित करते हुए नपा प्रशासन से जल आवर्धन की राशी चार हजार वापसी की मांग की है। आम आदमी पार्टी की जन सभाओं में महिलाएं, पुरुष, बच्चे बढ़ चढ़कर शामिल हो रहे है। श्री सोनी ने स्पष्ट रूप से जन संवाद में कहा हैं कि बीजेपी शासित नगर पालिका मूलभूत सुविधा वाले प्रस्ताव को वापस नहीं लेती हैं, तो समस्त वार्डो में जन संवाद करने के बाद अनशन करने की रुपरेखा तैयार कर रही है। आम आदमी पार्टी के रमेश भूमरकर ने कहा कि ये लड़ाई रुकेगी नहीं ये निरंतर जारी रहेगी, उन्हें रोकने और कार्यक्रम को विफल बनाने के शाम दाम दंड भेद शुरू हो चुके हैं लेकिन वो जनहित और संगठन के प्रति अपना ये कारवां जारी रखेंगे। इस दौरान पार्टी के नेता मनोहर पचौरिया, सिराज खान, अजय सरनकर, हीराबाई देशमुख शामिल रहें।